# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL, PATIALA
## FIRST TERM EXAMINATION (12 September 2024)
## Subject - Hindi
## Class - V (Set - B)

**Time: 3 hrs.** **MM: 80**

**प्र1. निम्नलिखित शब्दों के वाक्यों में प्रयोग कीजिए:** **(4)**

कीमती, धनवान, परेशानी, विशाल

**प्र2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:** **(12)**

क) किसान ने किस बात के लिए अपनी असमर्थता जताई?

ख) उपहार देखकर मोहन काका क्यों रोने लगे?

ग) डाली पर लगे काँटे और गुलाब कब झूमने लगे?

घ) नेहा को गुलाब के साथ कौन अच्छा नहीं लगता था?

ङ) ऐशो-आराम का जीवन त्यागकर राजा किस कार्य में लग गया?

च) लड़की ने मोहन-काका को डिब्बा कहाँ पर खोलने के लिए कहा?

**प्र3. किसने कहा? किससे कहा?** **(3)**

क) "इसकी क्या जरूरत है बेटा"?

ख) "हूँ! तू और दोस्त।"

ग) "हाँ मैं बहुत खुश हूँ। मुझे किसी बात का दुख नहीं।"

**प्र4. सही उत्तर चुन कर लिखें:** **(10)**

क) 'मिठाई' का बहुवचन कौन-सा है? (मिठाईयाँ/ मिठाइयाँ)

ख) कौन सा शब्द 'इच्छा' का पर्यायवाची है? (चाह/ चाय)

ग) 'रहस्य' का अर्थ इनमें से कौन-सा है? (भेद/ रोग)

घ) 'हाथी' शब्द का लिंग बदलिए। (हाथिनी/ हथिनी)

ङ) 'पूर्व' का विलोम शब्द बताइए। (पश्चिम/ दक्षिण)

च) 'मशीन' शब्द का वचन बदलिए। (मशिनों/ मशीनें)

छ) मोहन काका को जो चिट्ठी मिली, उसका पता कहाँ की जगह के करीब का था? (माधवपुर/ माधोपुर)

ज) कौन-सा शब्द 'शेर' का पर्यायवाची नहीं है? (सिंह/ सुर)

झ) 'रक्षा' शब्द का अर्थ बताइए। (खतरा/ बचाव)

ञ) मोहन काका वन विभाग के कर्मचारी थे। (सही/ गलत)

**प्र5. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो:** **(5)**

साँप, राजा, देवता, किनारा, गंगा

**प्र6. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कर के लिखो:** **(5)**

क) छत में खेलना खतरनाक है।

ख) मेरे को आराम करने दीजिए।

ग) उसने मुझे काटकर आम खिलाया।

घ) वह पेट-भर भी खा नहीं पाया।

ङ) यह पुस्तकें मेरी हैं।

**प्र7. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें:** **(4)**

इलाज, कल्याण, तत्पर, घमंड, डर, अधीरता, प्रयत्न, आँसू

**प्र8. रेखांकित शब्दों के लिंग बदल कर वाक्यों को पुनः लिखो।** **(5)**

क) राजस्थान के लोग ऊँट को घरों में पालते हैं।

ख) मेरे पिता जी दुबई जा रहे हैं।

ग) माली को अपने पौधों से प्यार होत है।

घ) मछुआरे ने सेठ से पैसे नहीं लिए।

ङ) धोबी कपड़े देकर चला गया।

**प्र9. रेखांकित शब्दों के वचन बदल कर वाक्यों को पुनः लिखो।** **(5)**

क) थाली में समोसा पड़ा है।

ख) यह कहानी प्रेमचंद जी ने लिखी है।

ग) पैसा ही सबकुछ नहीं होता।

घ) वह मु त में दवाई देकर पुण्य का कार्य करता है।

ङ) पेड़ की शाखा फूलों से लदी है।

**प्र10. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें:** **(4)**

प्रश्न, शुभ, निडर, आकाश, प्रशंसा, निर्दय, खट्टा, सुगंध

**प्र11. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो:** **(6)**

क) जो दूसरों का उपकार करता हो -

ख) जो बोलने वाला हो -

ग) जो देखने वाला हो -

घ) जो भाई बड़ा हो -

ङ) जो नए जमाने का हो -

च) जो अभिनय करती हो -

**प्र12. निम्नलिखित वाक्यों में से 'संज्ञा' व 'सर्वनाम' छाँटकर लिखो:** **(4)**

| | संज्ञा | सर्वनाम |
|---|---|---|
| क) उसने दो किलो आम खरीदे। | ............. | ............. |

ख) वे आज आगरा जा रहे हैं। ............. .............

ग) उसने थाली में भोजन परोस दिया है। ............. .............

घ) बचपन सबसे अच्छा होता है। ............. .............

**प्र13. उचित शब्द चुन कर खाली स्थान भरें:** **(3)**

1) उनके मन में बार-बार एक ही ............ आ रहा था। (वीचार/ विचार)

2) तभी हवा का .............. आया। (झोंका/ झौंका)

3) तुम उसकी ऊँगली में .......... गए। (धँस/ धसँ)

4) परंतु उसके पास तन ढकने के लिए ............. नहीं है। (वस्तर, वस्त्र)

5) सैनिकों ने उसका ............ किया। (अभिवादन/ कल्याण)

6) सामने का .............. देखकर काका चौंक गए। (उपहार/ दृश्य)

**प्र14. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़ कर प्रश्नो के उत्तर दीजिए:** **(5)**

रोज़-रोज़ की पढ़ाई-लिखाई से जीवन बोझ जैसा लगने लगता है। ऐसे में छुट्टी का दिन भीषण गरमी में आने वाली ठंडी फुहारों जैसा लगता है। उस दिन हम घर के राजा होते हैं। माँ हमारी पसंद के व्यंजन बनाती हैं। पिता जी का दुर्लभ साथ मिलता है कोई चिंता नहीं, तनाव या हड़बड़ी नहीं, नियम-कानून, रोक-टोक नहीं, बस मस्ती-ही मस्ती का नाम है- छुट्टी। विद्यालय की पढ़ाई से और 'यह करो, यह मत करो' जैसे आदेशों से मुक्ति मिल जाती है। छुट्टी शरीर और मन दोनों की थकान छूमंतर करके हमें तरोताज़ा बना देती है।

**प्र1.** भीषण गरमी में छुट्टी का दिन कैसा लगता है? **(1)**

**प्र2.** रोज़-रोज़ की पढ़ाई-लिखाई से जीवन कैसा लगने लगता है? **(1)**

**प्र3.** शब्द-अर्थ : भार, जिंदगी **(1)**

**प्र4. विलोम शब्द:** सरदी, रात **(1)**

**प्र5. खाली स्थान:** **(1)**

क) माँ हमारी .............. के व्यंजन बनाती है।

**प्र15.** अपने विद्यालय के प्रधानाचार्या जी को बीमारी के कारण अवकाश लेने के लिए प्रार्थना पत्र लिखें। **(5)**